

यमुनानगर। नाचौरन में श्रीरामलीला में अंतिम दिन दृश्य मंचन। फोटो : हरिभूमि

## कलाकारों ने भगवान श्रीराम के चरणों में बैठकर किया पूजन

# प्रभु श्रीराम के राजतिलक के साथ संपन्न हुई गांव नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला

**कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया**

**प्रभु श्रीराम द्वारा अग्निबाण छोड़े जाने से रावण का अंत हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला भगवान श्रीराम को अयोध्या का राजतिलक करने के बाद संपन्न हो गई। मौके पर भगवान श्रीराम के दरबार में सभी कलाकारों, मैनेजमेंट सदस्यों ने भगवान श्रीराम के चरणों में बैठकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम दृष्य में महाराजा रावण और प्रभु श्रीराम में भयंकर युद्ध हुआ। इस युद्ध में दोनों तरफ से चले संग्राम में अंत में प्रभु श्रीराम द्वारा अग्निबाण छोड़े जाने से महाराजा रावण का अंत हो गया। द्वितीय दृश्य मंचन में प्रभु श्रीराम द्वारा लक्ष्मण, हनुमान और जामवंत को लंका में भेजकर विभिषण का राजतिलक का मंचन किया गया। तृतीय दृश्य मंचन में भगवान श्रीराम की झांकी निकाली गई।

### अयोध्यावासियों ने किया स्वागत

*झांकी के बाद भगवान श्रीराम का लक्ष्मण और सीता समेत सुग्रीव, हनुमान और विभिषण के साथ अयोध्या गमन का दृश्य मंचन किया गया। चौथे दृश्य में भगवान श्रीराम का समस्त के साथ अयोध्या पहुंचने पर भरत व शत्रुघन समेत अयोध्यावासियों द्वारा जोरदार स्वागत करना और इसके बाद राजतिलक का मनोहारी दृश्य मंचन कर भगवान श्रीराम को राजतिलक किया गया। अंतिम दृश्य में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के चरणों में सभी कलाकारों व आयोजकों ने बैठकर आर्शीवाद प्राप्त किया और प्रसाद वितरित किया गया।*

### रावण बुराई का प्रतीक

मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक डॉ. चंद्रपाल राणा, संदीप राणा, सेठपाल, दीपक कुमार, मुकेश जेलदार, यशपाल राणा, राहुल पुंडीर, रविंद्र उर्फ बिंद्र राणा आदि कलाकारों ने कहा कि रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए रावण का वध करना ही लक्ष्य नहीं है, बल्कि इससे हमें सीख मिलती है कि अपने भीतर छिपे समस्त अवगुणों व बुराइयों को नाश करके सदगुणों को धारण करें। मौके पर कलाकारों ने दर्शकों का प्रेमपूर्ण प्रभुलीला देखने पर आभार जताया। सभी कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### मात्र शो-पीस बनकर रह गया हैंडपंप

**रादौर।** बीडीपीओ कार्यालय रादौर में विभाग द्वारा हजारों रूपये खर्च कर लोगों की प्यास बुझाने के लिए लगाया गया हैंडपंप काफी समय से खराब पड़ा है। आलम यह है कि इस खराब हुए हैंडपंप को अधिकारी न तो ठीक ही करवा रहे हैं और न ही उखाड़ रहे हैं। विभाग द्वारा लगाया गया यह हैंडपंप केवल प्रदर्शन की वस्तु होकर रह गया है।

स्थानीय निवासियों रमेश, कुलबीर, सोनू, रामकुमार व जसबीर आदि ने बताया कि पंचायती विभाग की ओर से लोगों की प्यास बुझाने के लिए कई वर्ष पहले हैंडपंप लगाया गया था। जो कुछ ही समय तक चला। नलका खराब होने पर विभाग के अधिकारियों ने वाटर कूलर लगवा लिया। यदि वाटर कूलर ही लगवाना था।

### ट्यूबवेल कनेक्शन की तारें और केबल चोरी

**यमुनानगर।** सरस्वती नगर क्षेत्र के गांव खानपुरा में खेतों से ट्यूबवेल कनेक्शन की तारें व केबल चोरी हो गई। यूएचबीवीएन सब डिवीजन सरस्वती नगर के एसडीओ गुरमीत सिंह ने आधा दर्जन लोगों पर तारें व केबल चोरी करने का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार यूएचबीवीएन सब डिवीजन सरस्वती नगर के एसडीओ गुरमीत सिंह ने बताया कि निगम द्वारा गांव खानपुरा में मोहन सिंह के खेतों में ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए तीन स्पेन की तारें व केवल डाली गई।

### युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप की विष्णु नगर कॉलोनी में रंजिश के चलते दो युवकों ने कॉलोनी के ही अभिषेक पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की विष्णु नगर निवासी अभिषेक ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही अनिकेत व नवदीप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसे समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर उसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। अभिषेक ने बताया कि 30 सितंबर को वह कॉलोनी में ही किसी काम से गया था।

**स्वच्छता अभियान**

## स्वच्छता और हरियाली ही स्वस्थ समाज की पहचान

# पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं करने कचरा नगर निगम वाहन में डाले

*मेयर सुमन बहमनी ने शशहर के विष्णु नगर और वार्ड 20 के ससौली में सफाई अभियान का किया शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

स्वच्छता और हरियाली ही स्वस्थ समाज की पहचान है। स्वच्छता के लिए हम सबने मिलकर अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा व सुंदर बनाना है।

हरियाली के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करना है। आइए हम सब मिलकर स्वच्छ और हराभरा शहर बनाने का संकल्प लें। यह शब्द नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को विष्णु नगर समेत अन्य स्थानों पर चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान के शुभारंभ के दौरान कहे।

- *मेयर ने पार्षदों के साथ विष्णु नगर पार्क व रानी लक्ष्मी बाई पार्क में सफाई की*
- *सफाई अभियान में पार्षदों ने किया सहयोग*
- सबकों को लेनी होगी जिम्मेदारी



**यमुनानगर के विष्णु नगर में सफाई अभियान में भाग लेते हुए मेयर सुमन बहमनी**

### मेयर ने की सफाई

मेयर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को शहर के विष्णु नगर और वार्ड 20 के ससौली में मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, पार्षद विक्रम राणा, पार्षद हरजीत आनंद, पार्षद संदीप धीमान, भाजपा नेता शिवराम, लाडी सिंह व नितिन आनंद आदि के साथ झाड़ू लगाकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।

### खुले में कचरा न डालने

मौके पर उन्होंने विष्णु नगर पार्क व रानी लक्ष्मी बाई पार्क में पौधारोपण किया। मेयर बहमनी ने इस दौरान पार्क में व्यायाम कर रहे वरिष्ठ नागरिकों व अन्य शहरवासियों को खुले में कचरा न डालने, पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने, गीले कचरे से खाद तैयार करने और कचरा नगर निगम के वाहनों में ही डालने, सरकार द्वारा चलाए शहर स्वच्छता अभियान में सहयोग करने के प्रति जागरूक किया।

### 11 सप्ताह चलेगा

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 11 सप्ताह के लिए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत शहर को सुंदर, स्वच्छ व साफ बनाने के लिए हर वार्ड में सफाई अभियान व पौधारोपण कार्यक्रम किए जा रहे है।

### सफाई सबकी जिम्मेदारी

लोगों को कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मेयर बहमनी ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रदेश में जगह जगह स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे न केवल वातावरण शुद्ध होगा बल्कि जनता को बेहतर जीवन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।



यमुनानगर। रादौर स्थित कस्तुरबा गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रार्थना वंदन करते हुए मुख्यातिथि व रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्र की उन्नति के लिए मिल जुलकर करें काम: राजकुमार

- अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब द्वारा कस्तूरबा आश्रम में आयोजित किया कार्यक्रम
- कार्यक्रम में समाजसेवी राजकुमार कांबोज जर्मनी ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

अंताराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में रादौर के कस्तुरबा गांधी आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजकुमार कांबोज जर्मनी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कस्तुरबा गांधी आश्रम की संचालिका तारा बहल ने की। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंहिसा के बल पर दिलवाई थी आजादी

मुख्यातिथि एवं समाजसेवी राजकुमार कांबोज जर्मनी ने कहा कि हमें राष्ट्र की उन्नति, उत्थान और विकास तथा देख की अखंडता को लेकर मिलजुल कर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका संदेश हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन चरित्र से भी मिलता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंहिसा के बल पर देश को आजादी दिलवाई थी। उन्होंने दुनिया को मानवता का संदेश दिया था। जिस पर चलकर हम बेहतर राष्ट्र बना सकते हैं। उनकी शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रही हैं। उन्होंने ऊंच नीच का विरोध कर सभी को आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश दिया था। इस अवसर पर आश्रम की संचालिका 101 वर्षीय तारा बहल ने कहा कि जब वह मात्र 14 वर्ष की थी तो वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से पहली बार नागपुर में मिली थी। उनसे मिलने के बाद उनकी विचार धारा में बदलाव आया और वह गांधीवादी विचारधारा अपनाकर समाजसेवा में जुट गई।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, एक घायल

- जिले में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे
- पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ किए मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिले में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शिवपुरी निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 55 वर्षीय चतर सिंह शहर के बरकत ढाबे पर तंदूरी कारीगर का काम करता था। आज सुबह वह घर से बरकत ढाबे पर जा रहा था। जब वह संत निश्चल सिंह स्कूल के पास पहुंचा तो उसका पिता ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करने लगा। इस दौरान उसका पिता आगे चल रहे ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली के बीच में फंस गया। जिससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ट्राला व डंपर की टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

गांव जैतपुर निवासी राकिब ने बताया कि वह डंपर चलाता है। दो अक्टूबर को वह अपने साथी 32 वर्षीय रमजान के साथ डंपर लेकर जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे जब वह गांव सरावा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्राला ने उनके डंपर को टक्कर मार दी। हादसे में वह तथा रमजान गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान रमजान की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### रोडवेज बस से गिरकर कॉलेज की छात्रा घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी के अग्रसेन चौक के पास बस से उतरते समय कॉलेज की छात्रा नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने घायल छात्र को शहर के अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया। उधर, सूचना मिलते ही घायल छात्र के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने रोडवेज बस चालक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार शहर के गुरु नानक बीएड कॉलेज की छात्रा गांव देवधर निवासी स्वाती ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह ऑटो में सवार होकर अपने कॉलेज जा रही थी। इस दौरान छछरौली की तरफ से एक बस सवारियों को लेकर जगाधरी बस स्टैंड की तरफ जा रही थी। जब बस शहर के अग्रसेन कॉलेज के पास रूकी तो उसमें से उनके कॉलेज की छात्र गांव भूड़ माजरा निवासी 19 वर्षीय सृष्टि उतरने लगी। इस दौरान चालक ने बस चला दी। जिससे सृष्टि सिर के बल नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

# अनाज मंडियों में किसानों के साथ धान खरीद में की जा रही है लूट खसूट:गुज्जर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) ने जिला की अनाज मंडियों में किसानों को गेट पास नहीं मिलने और नमी बताकर प्रति क्विंटल पर धान के दामों में कट लगाए जाने का आरोप लगाया है। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन ने छह अक्तूबर को उपायुक्त कार्यालय का घेराव करके अनाज मंडियों में धान खरीद के दौरान किसानों के साथ हो रही लूट खसूट का विरोध जताएगी। उक्त जानकारी यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर ने यमुनानगर में बातचीत करते हुए दी।

**भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) ने छह अक्तूबर को दी यमुनानगर उपायुक्त के कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी**

यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर ने कहा कि जिला की अनाज मंडियों में किसानों के साथ धान के मूल्य में भारी लूट खसूट की जा रही। मगर प्रशासन और सरकार आंख मूंदकर किसानों का शोषण होते देख रही है। जिसे भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद करना चाहती है। सुभाष गुज्जर ने कहा कि अनाज मंडियों में गेट पास नहीं कटने से किसानों को बड़ी परेशानी हो रही है।



यमुनानगर। प्रेसवार्ता में बातचीत करते हुए भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पोर्टल कर रहा परेशान

सुभार्ष गुज्जर ने कहा कि इस भाजपा सरकार ने किसानों को पोर्टल में उलझा कर परेशान कर दिया है। वहीं, अनाज मंडियों में नमी बताकर किसानों के साथ लूट खसूट की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि धान को खरीदते वक्त उसमे नमी बताकर किसी अनाज मंडी में दो सौ रुपये तो किसी अनाज मंडी में 50 से सौ रुपये तक का कट लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहने को तो सरकार धान खरीद का पैसा किसान के सीधे खाते में आने की बात कह रही है। मगर संबंधित आढ़ती किसान को कट लगाकर धान के वजन की पर्ची थमा देते हैं। इसके बाद कट लगाए पैसे को बाद में किसान से ले रहे हैं।



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को दी रोबोटिक्स क्षेत्र की तकनीकी जानकारी

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोबोटिक्स व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सैम ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रा.लि.मोहाली के टीम लीडर इंजीनियर जगपाल सिंह बहरा ने किया। उन्होंने मैनेजमेंट, सर्विस डिलीवरी, प्रोजेक्ट हैंडलिंग और प्रोसेस इंप्रूवमेंट में अपने अनुभव के आधार पर छात्रों को रोबोटिक आर्म कैलिब्रेशन, कंट्रोल तकनीकों और प्रायोगिक अनुप्रयोगों की उपयोगी जानकारी दी। यह सत्र छात्रों के लिए रोबोटिक्स क्षेत्र में मूल्यवान अनुभव लेकर आया और उन्हें नवाचार एवं तकनीकी उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया। संस्था के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने इस पहल की सराहना की।

## समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

# महेंद्र सिंह आर्य चबूतरों बने जिला अध्यक्ष

**अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की आयोजित हुई बैठक**



यमुनानगर। रादौर में आयोजित समिति की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के सदस्यों की बैठक रादौर के जाट नगर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने भाग लिया। इस दौरान महेंद्र सिंह आर्य चबूतरों को समिति का जिला अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। समिति के एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से महेंद्र सिंह आर्य चबूतरों को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, कांशीराम पीरूवाला को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। जबकि समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष विक्रम नेहरा तेजली को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

### सम्मानित किया

*मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य व प्रदेश सचिव विक्रम नेहरा ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभाएंगे। मौके पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष गंगाराम श्योराण, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष आशीष फौजदार, प्रदेश महासचिव एवं उत्तरी हरियाणा प्रभारी बलदेव सिंह राठी, रोहतक जिला अध्यक्ष रमेश कुंडू मौजूद रहे।*

## दशहरा पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रमों का आयोजन

**रामायण के विभिन्न मनमोक दृश्य मंचन कर सभी का मनमोह लिया।**

# डीएवी पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीराम दरबार का किया मनमोहक मंचन



यमुनानगर। लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित रामायण मंचन को देखते हुए नन्हें मुन्ने बच्चे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल व लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दशहरा पर्व के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में नन्हें मुन्ने बच्चों ने रामायण के विभिन्न मनमोक दृश्य मंचन कर सभी का मनमोह लिया। डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यापिका अलका व सुधा ने सुरीले स्वरों में सुंदर भजन प्रस्तुत करके किया। वहीं, विद्यालय के नर्सरी विंग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने श्री राम दरबार, सीता हरण व राम रावण युद्ध का मनमोहक मंचन किया। जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

### लाइक पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने धर्म की विजय

लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में दशहरा पर्व के उपलक्ष में श्रीरामलीला का भव्य मंचन किया गया। जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन के प्रसंगों को जीवंत रूप में दिखाया गया। इस मंचन में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण, विभीषण, कुंभकर्ण, कैकेयी व मंथरा आदि

### जय श्री राम के जयघोष गूंजे

रामलीला के अंत में रावण वध का दृश्य प्रस्तुत किया गया और पूरे विद्यालय परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने धार्मिक भावनाओं, नाट्य कला और अनुशासन का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य नेहा देवी ने विद्यार्थियों को बताया कि दशहरा पर्व हमें यह सीख देता है।

## खबर संक्षेप

### 59वां योग दिवस धूमधाम से मनाया

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान (पंजी.) का 59वां योग दिवस भारतवर्ष ही नहीं विदेशों में भी बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक स्थान पर उत्कृष्ट योग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से साधकों ने समां बांधा। हरियाणा प्रांत के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के कृष्ण, भीष्म, युधिष्ठिर, अर्जुन, ब्रह्मसरोवर व कर्ण योग जिलों के साधकों द्वारा सामूहिक रूप से 59 वें योग दिवस का आयोजन नंगली वाली कुटिया में संस्थान के कोषाध्यक्ष सुरेश अरोड़ा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

### एलसीएलओ का धरना 15वें दिन भी जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ- कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 15वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ के राज्य महासचिव पवन पलवल ने की। धरने का संचालन जिला प्रधान अजय ओलिहान ने किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए राज्य महासचिव पवन पलवल ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है।

### दसवें दिन भी गेट मीटिंग जारी

**पिहोवा।** 33 केवी पिहोवा में आल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट की सब यूनिट शहरी ने उपमंडल शहरी के खिलाफ दसवें दिन गेट मीटिंग की जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट शहरी प्रधान मुकेश गोस्वामी ने की और मंच का संचालन सब यूनिट शहरी सुरेंद्र सिंह ने किया। कर्मचारियों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए प्रदीप सहारण ने कहा कि कुछ दिन पहले उपमंडल अधिकारी ने 15 सेफ्टी किट निकलवाई थी लेकिन आज तक कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपमंडल अधिकारी द्वारा नहीं दी गई। कर्मचारियों का कार्य रिस्क का है बिना सेफ्टी किट के कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर कार्य करने को मजबूर हो रहें है।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जॉब मेला 13 को

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने जगमोहन ने कहा कि 13 अक्टूबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिहोवा के प्रांगण में एक जॉब मेला का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब मेला मे कंपनियां छात्र-छात्राओं की प्लेसमेंट के लिए संस्थान में आएंगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह सभी कंपनियां फिटर, टर्नर इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, कौपा, सेविंग टेक्नोलॉजी, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग व्यवसाय के छात्रों की प्लेसमेंट करेंगे।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं नागरिकों के राष्ट्र एवं समाज के प्रति कर्तव्य विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### नए आपराधिक कानूनों पर लगी प्रदर्शनी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों पर केडीबी मेला ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी को भव्य और ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी प्रदर्शनी की खूब तारीफ की। प्रदर्शनी के सफल शुभारंभ में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उसफल आयोजन करवाने में सहयोग के लिए योगदान देने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, मीडियाकर्मियों व नागरिकों का आभार जताया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस प्रदर्शनी को 11 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

## मंत्री अमित शाह ने केडीबी मेला ग्राउंड में लगाई प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# सात साल से ज्यादा के अपराधों में फोरेंसिक जांच सुनिश्चित की

**825 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में लगाई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने 7 विभागों की प्रदर्शनी का भ्रमण किया और नए कानूनों से आए साकारात्मक परिणामों को जाना। केंद्रीय गृहमंत्री ने 825 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब पुलिस डंडे की जगह डाटा जुटाने पर काम कर रही है, थर्ड डिग्री की जग साइंटिफिक तथ्यों को इकट्ठा करने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानूनों के माध्यम से पुलिस, जेल, न्यायापालिका, अभियोजन और फोरेंसिक सभी पांचों को ऑनलाइन जोड़ दिया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से कानून बनाया गया है। सभी बिंदुओं की वीडियोग्राफी सुनिश्चित कर दी गई है। सात साल से ज्यादा के अपराधों में फोरेंसिक जांच को सुनिश्चित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, मॉबलिंचिंग, डिजीटल अपराध और समय सीमा का निर्धारण भी जोड़ा गया है।




**कुरुक्षेत्र।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में 3 नए आपराधिक कानूनों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए व राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अब तारिख पे तारिख के जुमले खत्म होंगे

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ट्राइल इन एबसेंसिया का प्रावधान किया है। जो अपराधी अपराध के बाद देश छोडकर भागे जाते हैं, अब नए कानून में इनके खिलाफ अनुपस्थिति में भी ट्रायल चलेगा और उसे सजा तक लेकर जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तारिख पे तारिख के जुमले खत्म होंगे और तीन साल में न्याय मिलना तय होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71 प्रतिशत चार्जसीट का चालान 60 दिनों हो पेश किया जा चुका है, जिसके लिए 90 दिन का समय निर्धारित था। इसके लिए पुलिस, कोर्ट से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, एडवोकेट्ड्स, लोक अभियोजनाओं के लोगों को ट्रेनिंग दी गई।

### धर्म और सत्य की जीत का मिला संदेश

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुरुक्षेत्र की इस भूमि ने सिद्घ किया कि विजय हमेशा धर्म की होती है, सत्य की होती है, अधर्म और असत्य की नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मातृशक्ति ने देश की सुरक्षा के लिए सेना और सीएपीएफ में सबसे ज्यादा अपने लाल भेज रही है। यहां सरस्वती के तट पर वेद उपनिषेदों की रचना हुई। यह वहीं हरियाणा की भूमि है। मैं इस भूमि को प्रणाम करता हूं।

### 365 सामानों पर घटाई जीएसटी की दरें

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हाल ही में 365 सामानों में जीएसटी की दरों को कम किया है, जो देशवासियों के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। देश के हर घर, हर उपभोक्ता ने यह तय करना है कि रोजाना प्रयोग की चीजों के लिए स्वदेशी उत्पादों को ही खरीदें। स्वेदशी का मंत्र महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन में दिया था, तब अंग्रेजों को इसका सामना करना पड़ा था। देश के लोगों ने इसको अपनाया और हमें आजादी मिली। इन प्रयोगों से हमारे देश की अर्थ व्यवस्था बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुचांने का काम किया है और वर्ष 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में पहले नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

### भाजपा ने पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास किया

अमित शाह ने कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिया। पहले मनोहर लाल व अब नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के विकास में कोई कसर नही छोड़ी। पहले प्रदेश में यह होता था कि एक सरकार आती थी तो एक जिले का विकास होता था और दूसरी सरकार आती थी तो दूसरे जिले का विकास होता था, बाकी का हरियाणा लाइन में खड़ा रह जाता था। भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास किया है। हरियाणा में नौकरियों की व्यवस्था को बर्बाद और बदनाम कर दिया था, लेकिन भाजपा ने यहां पर्ची और खर्ची दोनों सिस्टम को खत्म कर दिया। जिसके घर में मेरिट उसके घर पर डाकिये के माध्यम से अपाइटमेंट भेजने का काम किया।

## ओलंपिक में भाग लेने के लिए 600 ने बहाया पसीना




- खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं खरखौदा के विधायक पवन कुमार ने खिलाड़ियो को नशा मुक्त समाज के निर्माण अपनी भूमिका मजबूत करने का आह्वान किया है। पवन कुमार गीता सेवा आश्रम सेक्टर-सात में हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स-2025 के संदर्भ में आयोजित कराटे ट्रायल कार्यक्रम में शामिल हुए खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। ट्रायल में हरियाणा के 22 जिलों के 600 खिलाड़ी पहुंचे। पवन खरखौदा ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते हुए कहा कि ओलंपिक आयोजन के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। इसकी तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ.नरेश मग्गू ने कहा कि हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र सिंह मीनू बेनीवाल के प्रयासों से प्रदेश में 15 साल बाद ओलंपिक खेल होने जा रहे हैं।

### 324 खिलाड़ियों का किया चयन

हरियाणा खेल कराटे संघ के महासचिव अनूप ने बताया कि आज आयोजित किए गए ट्रायल में आठ विभिन्न भार वर्ग श्रेणियों में कुल 324 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह खिलाड़ी ओलंपित में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। संघ के सह सचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि खेल में पारदर्शिता लाने के लिए व खेल को आगे बढ़ाने के लिए अलग-अलग राज्यों से अधिकारियों व रैफरी को यहां बुलाया गया है। इस मौके पर हरियाणा खेल कराटे संघ के उपप्रधान सूर्या देव, सह सचिव जयदेव नोल्था, सह सचिव कमलेश नेहरा, ट्रेजर मोहित के अलावा संघ के सदस्य नरवीर मलिक, विवेक सुथार,अंकित जागलान उपस्थित रहे।

## स्वस्थ आदतें अपनाकर विद्यार्थी अपने जीवन को बना सकते बेहतर : डा. सुषमा

- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




भगवान परशुराम कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा प्रोग्राम अधिकारी वासवदत्ता एवं डॉ. सुषमा वशिष्ठ के नेतृत्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया गया। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं समाज में सेवा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व को जागरूकता के माध्यम से प्रसारित करना रहा। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कॉलेज द्वारा गोद लिए गए गांव आलमपुर में जाकर उन्होंने वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान के उपाय सुझाए। साथ ही गांव के विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता, अच्छे स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चों को यह भी समझाया गया कि स्वस्थ आदतें अपनाकर वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। इन गतिविधियों के अलावा एकदिवसीय कैंप भी लगाया गया। इस पखवाड़े के दौरान कॉलेज परिसर में भी स्वास्थ्य और स्वच्छता आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### कार्यकर्ताओं का काफिला रैली के लिए रवाना

शाहबाद। शाहाबाद से मातृशक्ति और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकतार्ओं का एक विशाल काफिला कुरुक्षेत्र थीम पार्क में आयोजित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर काफिले को भाजपा नेता सुभाष कलसाना और डा. भास्कर गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने बताया कि शाहाबाद से 4000 से अधिक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए हैं। कार्यकतार्ओं में भारी उत्साह है और सभी अमित शाह तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विचार सुनने के लिए उत्सुक हैं। कलसाना ने कहा कि अपराध को रोकने के उद्देश्य से प्रदेश में तीन नए कानून लागू किए गए हैं, और इन कानूनों को इम्प्लीमेंट करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है।

## दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकः डॉ. नीलिमा

- हवन यज्ञ में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

ज्योतिसर स्थित श्रीगीता कुंज आश्रम बद्रीनारायण मंदिर में चल रहे चतुर्मास के अवसर पर चले विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं हवन यज्ञ में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंज्यूमर कोर्ट की अध्यक्ष न्यायधीश डॉ. नीलिमा शांगला ने कहा कि स्वामी मुक्तानंद जी महाराज मौन व्रत धारण किए हुए हैं। वीरवार को आश्रम परिसर में रात्रि को दशहरे पर्व पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। डॉ. नीलिमा शांगला ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। लोगों ने धार्मिक उत्साह के साथ भाईचारे की भावना सांझा की। दशहरे के अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। यह परम्परा अच्छाई की अंतिम जीत का संदेश देती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध कर धर्म और सत्य की विजय स्थापित की थी। स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने लिखित रूप में संदेश देते हुए कहा कि दशहरा पर्व पर केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। यह पर्व सत्य, प्रेम और सहयोग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



**कुरूक्षेत्र।** दशहरे पर्व पर हवन यज्ञ करती डॉ. नीलिमा शांगला व साथ स्वामी मुक्तानंद जी महाराज।

## बच्चों को स्वदेशी वस्तुएं प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित

- गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा में हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया गया। इससे संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतिदिन आचार्य बहनों तथा छात्राओं ने वंदना सभा में स्वदेशी विषय पर अपने-अपने विचार रखें। बच्चों में स्वदेशी वस्तुओं को इस्तेमाल करने का भाव उत्पन्न करने के लिए वंदना सभा में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई स्पीच भी सुनाई गई। बच्चों को स्वदेशी वस्तुएं प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वदेशी अपनाओ विषय पर चार्ट बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सभी कक्षाओं की छात्राओं ने अपनी अपनी कक्षाओं को स्वदेशी रंग से रंग दिया। हर कक्षा में स्वदेशी वस्तुओं के चार्ट बच्चों द्वारा बनवाकर लगाए गए। नवमी कक्षा की छात्राओं ने मिलकर एक नाटिका प्रस्तुत की। इस नाटिका का उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं का ध्यान स्वदेशी वस्तुओं की ओर आकर्षित करना व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना था।

## प्रतिभा खोज स्पर्धामें छात्राओं ने दिखाया हुनर

- ईशर ज्योत डिग्री कॉलेज फॉर वूमन में प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



ईशर ज्योत डिग्री कॉलेज फॉर वूमन, में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 छात्राओं ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. रंजू सोबती ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान संत बाबा मणि सिंह ने प्रतियोगिता में उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें नृत्य, गायन, पेंटिंग, कविता, भाषण, वाद्ययंत्र, मोनो एक्टिंग और मिमिक्री शामिल थीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम स्थान, गुरलीन ने द्वितीय स्थान तथा प्रीति ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में लवप्रीत ने प्रथम स्थान, खुशप्रीत ने द्वितीय स्थान तथा अक्षिता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

कविता प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम स्थान, ईशा ने द्वितीय स्थान तथा शगनदीप ने तृतीय स्थान हासिल किया। गायन प्रतियोगिता में सृष्टि ने प्रथम स्थान, हरनूर ने द्वितीय स्थान तथा शगनदीप ने तृतीय स्थान हासिल किया। नृत्य प्रतियोगिता में खुशदीप ने प्रथम स्थान, खुशी ने द्वितीय स्थान तथा सिमरप्रीत ने तृतीय स्थान हासिल किया। वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में हरनूर ने प्रथम स्थान तथा अमरजीत ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## अग्रवाल सभा सेक्टर 5 मनाएगा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- समारोह में बच्चों द्वारा दी जाएगी रंगारंग प्रस्तुतियां



अग्रवाल सभा सेक्टर 5 कुरुक्षेत्र (रजि .) द्वारा 5 अक्तूबर रविवार को पिपली रोड स्थित ग्रैंड अरेना पैलेस में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सभा के प्रधान एडवोकेट सचिन गुप्ता ने बताया कि समारोह में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी अशोक मित्तल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध उद्योगपति पंकज गुप्ता मौजूद रहेंगे व अध्यक्षता श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्यप्रकाश गुप्ता करेंगे। सुबह 9.30 बजे हवन यज्ञ के साथ समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। 11 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया जाएगा। 11.30 बजे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। सभा के सचिव अनिल गर्ग ने बताया कि समारोह में रंगोली, शतरंज, तम्बोला, म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सभा के उप प्रधान राजीव गोयल, कैशियर आर.पी गुप्ता व सह सचिव विपिन गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगी रंगोली के लिए सामान साथ लाएं।

### छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के प्रति रुचि और चेतना विकसित करना उद्देश्य

# रोटरी क्लब ने इंटर स्कूल ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब, शाहाबाद मारकंडा द्वारा माता रुक्मिणी राय आर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में इंटर स्कूल ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के प्रति रुचि और चेतना विकसित करना था।

इस साल प्रतियोगिता का विषय पृथ्वी बचाओ रखा गया। प्रतियोगिता में तीन अलग-अलग समूह बनाए गए थे। पहले समूह में कक्षा पहली से चौथी तक के छात्र शामिल थे, जिनके लिए विषय थे पेड़ मत काटो, मैं अपनी धरती को खुश रखता हूँ और पानी बचाओ। दूसरे समूह में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के छात्र शामिल थे और उनके विषय थे, लड़की की इच्छाएँ, महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकें और लड़की बचाओ। तीसरे समूह में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनके लिए विषय थे रोटरी क्लब के सामाजिक और परोपकारी कार्य । प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले समूह में प्रथम स्थान सक्षम डिवाइन पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान एकम आर. पी. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल और तृतीय स्थान शिवम एस. जी. एन. पी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को दिया गया। इस समूह में सांत्वना पुरस्कार दिव्यम एम. आर. आर. आर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल को मिला। दूसरे समूह में प्रथम स्थान हरमन एम. आर. आर. आर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वितीय स्थान संजना सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तृतीय स्थान रिद्धि शर्मा डिवाइन पब्लिक स्कूल और सांत्वना पुरस्कार यशिका आर्या गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को प्रदान किया गया। तीसरे समूह में प्रथम स्थान सीरत कौर आर. पी. डी. ए. वी. स्कूल, द्वितीय स्थान जेस्मीन एम. आर. आर. आर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तृतीय स्थान दिवांशु राम प्रसाद डी. ए. वी. स्कूल तथा पायल एस. जी. एन. पी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



**शाहबाद।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### सभी सदस्यों का धन्यवाद किया

स्कूल प्रिंसिपल डॉ. दिव्या कौशिक ने रोटरी क्लब और सभी सदस्यों का धन्यवाद किया कि उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सीखने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ऐसे कार्यक्रम स्कूल और समाज दोनों के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। प्रोजेक्ट चेयरमेन संदीप ऋषि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी छात्रों, स्कूल स्टाफ और रोटरी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### प्रतियोगिता के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी

रोटरी प्रधान रो. डॉ. आरएस घुम्मन ने बच्चों को प्रतियोगिता के उद्देश्य और विषयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक रहना क्यों महत्वपूर्ण है और इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। रोटरी असिस्टेंट गवर्नर रो. डॉ. एसएस अहुजा ने भी बच्चों को संबोधित किया और रोटरी क्लब द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों और परोपकारी पहलों के महत्व को समझाया।

